>

Title: Need to start train facilities to connect to Delhi., Kolkata with Patna

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार। मैं इस सदन के माध्यम से आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बिहार के अंतर्गत आने वाले गोपालगंज या थावे रेलवे जंक्शन से रेल सेवा शुरू करने का आग्रह कर रहा हूं। मेरे क्षेत्र की आबादी 25 लाख है। यहां कोई ट्रेन न होने से दूसरे जिलों में जाकर लम्बी दूरी की ट्रेनें पकड़नी पड़ती हैं। दिल्ली एवं अन्य नगरों के लिए ट्रेन नहीं हैं। दिल्ली के लिए 150 प्राइवेट बसें जरूर चलती हैं, जिसके कारण स्पीड की आपाधापी में दुर्घनाएं होती रहती हैं। अत: आपसे आग्रह है कि दिल्ली एवं अन्य महानगरों, जैसे कोलकाता, पटना को नई ट्रेनें दी जाएं या कुछ ट्रेन्स छपरा एवं सीवान से गोपालगंज, थावे होते हुए दिल्ली के लिए दी जाएं।